
हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार, 17 जुलाई 2024

11 ढाई वर्षीय बच्ची को निर्वस्त्र कर रेप का प्रयास करने के मामले में संगठनों में रोष



12 घरों में सप्लाई हो रहा है गंदा पानी, लोग पड़ रहे बीमार






# जमकर बरसे बदरा, 70 एमएम बारिश से शहर जलमग्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

जिले में सोमवार सुबह ही मौसम में बदलाव देखने को मिला। अलसुबह ही आसमान में घने काले बादल छा गए। इसके बाद जोरदार बारिश हुई। वहीं जोरदार बारिश के चलते शहर जलमग्न होने से एक ओर जहां दुकानदारों व लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं दूसरी ओर इस बारिश ने किसानों को भी चिंता में डाल दिया, क्योंकि किसानों ने अभी हाल ही में बाजरे की बिजाई की थी, ऐसे में बाजरे की फसल में रपट की संभावना बढ़ गई है। अगर ऐसा होता है तो किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। वहीं बाजरे की फिर से बिजाई के लिए समय भी कम बचा है। मौसम के फिर से सक्रिय होने से मंगलवार को नारनौल में 70.5 एमएम बारिश हुईर। जिससे शहर के कई हिस्से जलमग्न हो गए। जिसमें पार्क गली, मोहिनी गली, सैन चौक, पुरानी अनाज मंडी, नागरिक अस्पताल आदि जगहों पर दुकानदारों व लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।

बता दें कि मानसून की धमाकेदार शुरुआत के बाद इस पर अचानक ब्रेक लग गया था। जिसके चलते गत एक सप्ताह से लोग उमसभरी गर्मी से परेशान थे। जिससे मंगलवार को हुई जोरदार बारिश से लोगों को आंशिक राहत मिली। हालांकि बारिश के बाद सायं को उमसभरी गर्मी ने फिर से लोगों को परेशानी में डाल दिया। मौसम विभाग के अनुसार 25 जुलाई तक मौसम परिवर्तशील रहेगा। इस दौरान मानसून सक्रिय रहने की संभावना है। जिले में मंगलवार को नारनौल में 70.5 एमएम, महेंद्रगढ़ में 58 एमएम, अटेली में 27 एमएम, नांगल चौधरी व निजामपुर में 26 एमएम, सतनाली में 11 एमएम बारिश हुई, जबकि कनीना में बारिश नदारद रही।





नारनौल। दुकानों के बाहर सड़क पर जमा बारिश का पानी दिखाते हुए व बारिश के पानी से गुजर राहगीर व दोपहिया चालक। फोटो : हरिभूमि

## जिले में अब तक सामान्य से 35 प्रतिशत ज्यादा बारिश

महेंद्रगढ़ में मानसून की लगातार मेहरबानी देखने को मिल रही। सम्पूर्ण जिले में 28 जून से 16 जुलाई तक लगातार कभी कहीं तो कभी कहीं यानी नारनौल, महेंद्रगढ़, सतनाली, कनीना, नांगल चौधरी, अटेली में हल्की से मध्यम बारिश की गतिविधियां देखने को मिल रही है। जिले में एक जून से 16 जुलाई के दौरान कुल 167.7 एमएम बारिश दर्ज हुई है, जबकि इस दौरान जिले में सामान्य 124.2 एमएम बारिश होती है, जो सामान्य से 35 प्रतिशत अधिक है। जिले में मंगलवार को नारनौल का रात्रि तापमान 27 डिग्री व अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि महेंद्रगढ़ में रात्रि 28 डिग्री व दिन का तापमान 35.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## आज भी बारिश की संभावना

मौसम विशेषज्ञ डा. चन्द्रमोहन ने बताया कि एक के बाद एक दो पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय हो रहे हैं। जिसमें पहला 17 जुलाई व दूसरा 22 जुलाई को सक्रिय होगा। वहीं अरब सागर से भी प्रचुर मात्रा में नमी पहुंचेगी। जिसकी वजह से मानसून टर्फ रेखा अपनी सामान्य स्थिति में पहुंचने की संभावना बन रही है। इन सभी मौसम प्रणालियों से मानसून की सक्रियता में बढ़ोतरी की प्रबल संभावना बन रही है। जिसकी वजह से 17 से 25 जुलाई के दौरान मानसून में बढ़ोतरी की प्रबल संभावना है।

## खबर संक्षेप

### रसूलपुर गांव से पिकअप चोरी

**कनीना।** खंड के गांव रसूलपुर में दुकान के सामने खड़ी एक पिकअप गाड़ी को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। इस बारे में गाड़ी के मालिक जयपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 13 जुलाई की रात्रि को वह अपने प्लाट के साथ बनी दुकान के सामने गाड़ी खड़ी करके सोया था। 14 जुलाई को सुबह उठकर देखा तो गाड़ी वहां से गायब थी। उन्होंने अपने स्तर पर खोजबीन करते हुए गांव में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो मालूम हुआ कि रात्रि को 2:30 बजे बाइक सवार दो व्यक्ति आते दिखाई देते हैं, जो गाड़ी का लॉक तोड़कर 2:56 बजे गाड़ी को लेकर मोहनपुर नांगल लिंक मार्ग पर जाते दिखाई देते हैं। पुलिस ने जयपाल की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### सफाई कर्मचारी की बाइक ले उड़े चोर

**कनीना।** उप नागरिक अस्पताल में कार्यरत सफाई कर्मचारी की बाइक अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। इस बारे में फिरोज निवासी धनौंदा ने शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अस्पताल में सफाई कर्मचारी के रूप में कार्यरत है। रात्रि ड्यूटी के दौरान उसने अपनी बाइक को इमरजेंसी गेट के सामने खड़ा किया था। रात्रि 12:30 बजे उनकी बाइक को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। अस्पताल में लगे सीसीटीवी फुटेज देखी, जिसमें चोर की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने अज्ञात बाइक चोर के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# जिसका शिलान्यास पीएम ने किया, उसी स्टेशन का निर्माण कछुआ गति से हो रहा, लोग परेशान

## नारनौल के रेलवे स्टेशन का देशभर के स्टेशनों के रि-डवलपमेंट कार्य के शिलान्यास के समय ही पीएम ने की थी विकास कार्यों की शुरुआत

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत देशभर में कुल 1309 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाना है। पहले चरण में देश के 508 स्टेशनों को इस योजना में लिया गया है। इस काम में कुल 24,470 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आएगी।

राजकुमार ⏭ नारनौल

अमृत भारत स्टेशन स्कीम में नारनौल का रेलवे स्टेशन वर्ल्ड लेवल का आधुनिक स्टेशन बनाया जाना प्रस्तावित है, लेकिन कमाल की बात है कि जिस भवन निर्माण की आधारशिला देश के प्रधानमंत्री ने रखी थी, उसके निर्माण में भी कछुआ गति से काम लिया जा रहा है। पिछले साल के 6 अगस्त की तुलना में नया 6 अगस्त बेहद नजदीक आ गया है, लेकिन ठेका कंपनी अब तक नारनौल में केवल ग्राउंड स्तर पर ही काम कर रही है, जबकि इसका निर्माण छह माह में पूरा करने का टारगेट दिया गया। इसे ठेका कंपनी का पॉवरफुल या अप्रोची होना कहें या कुछ ओर, उसे अधिकारी ब्लेक लिस्ट भी घोषित नहीं कर रहे। जबकि इससे न केवल शहर का स्टेशन बदसूरत बना हुआ है, बल्कि लोगों को भी परेशानी हो रही है।

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत देशभर में कुल 1309 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाना है। पहले चरण में देश के 508 स्टेशनों को इस योजना में लिया गया है। इस काम में कुल 24,470 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आएगी। इस पैसे से इन स्टेशनों को स्मार्ट स्टेशन बनाया जाएगा।

इस योजना में हरियाणा के 34 रेलवे स्टेशनों को शामिल किया गया है, जिनके लिए प्रदेश को 2247 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। इसी योजना में नारनौल का रेलवे स्टेशन भी शामिल है, जिसे वर्ल्ड क्लास का आधुनिक स्टेशन बनाने के लिए सरकार ने करीब 18 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। इसी योजना के तहत स्टेशन पुनर्विकास कार्यों का देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रामपुर स्टेशन से छह अगस्त 2023 को प्रातः 9:30 बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए देशभर में एकसाथ शिलान्यास किया था। तब नारनौल में हुए कार्यक्रम में सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह के साथ_साथ तत्कालीन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव समेत अनेक भाजपा नेतागण व रेलवे अधिकारी उस पल के साक्षी बने थे।





नारनौल। एक साल में बनना था ऐसा स्टेशन व एक साल में ऐसा बनकर तैयार हुआ है अब तक। फोटो : हरिभूमि

### अधिकारी कंपनी को नहीं कर रहे ब्लैक लिस्ट

*इसे कंपनी की ऊंची पहुंच कहें या कुछ ओर, क्योंकि रेलवे अधिकारियों ने देरी करने पर कई बार टेंडर कंपनी को नोटिस तो दिए, लेकिन उसे कभी ब्लेक लिस्ट नहीं किया। बल्कि उलटा कंपनी रेलवे पर उसके काम में बाधा डालने का जवाब दे देती है। जिस कारण काम तेजी से नहीं चल पा रहा और अधिकारी पंगु बने हुए हैं।*

### फिलहाल यह है स्थिति

गत छह अगस्त को पीएम द्वारा शिलान्यास करने उपरांत यहां निर्माण कार्य शुरू करने थे, लेकिन इसका मास्टर प्लान तैयार करने में ही रेलवे अधिकारियों ने काफी समय गंवा दिया। जब मास्टर प्लान तैयार हो गया तो उसे हुबहू लागू करने में अधिकारियों ने इसमें पुनः कांट-छांट की और वह जब भी यहां निरीक्षण करने आए, हर बार नए दिशा-निर्देश देने लगे, जिससे नक्से को बार-बार मॉडीफाई किया गया। इतना ही नहीं काम शुरू होने उपरांत यहां के प्रवेश द्वार को तोड़ दिया गया। प्रवेश द्वार के सामने बने पार्क को भी तहस-नहस कर दिया गया। तोड़फोड़ एवं खुदाई के अन्य कार्य भी किए गए।

कई बार खुदाई में रेलवे की बिजली तारें एवं लाइनें आने से काम को रोका गया। फिलहाल मुख्य गेट के सामने पिल्लर आधे-अधूरे साइज के खड़े हैं और ग्राउंड फ्लोर अब तक कंपलीट नहीं हुआ है। निर्माण कार्य कई बार अधिकारियों के हस्तक्षेप करने तो कई बार काम में तकनीकी अड़चन आने से भी बाधा बनी हुई है।

### यह बनना है प्रस्तावित

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण व सौंदर्यीकरण किया जाएगा, जिसमें स्टेशन का प्रवेश द्वार सबसे प्रमुख होगा। इसके साथ ही स्टेशन तक पैसेंजर्स की पहुंच, सर्कुलेटिंग एरिया, वेटिंग हॉल, शौचालय, आवश्यकतानुसार लिफ्ट/एस्केलेटर, स्वच्छता, मुफ्त वाई-फाई, स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क जैसी सुविधाओं में सुधार के लिए मास्टर प्लान तैयार करना और उन्हें लागू करना शामिल है। प्रत्येक स्टेशन पर आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए वन स्टेशन वन प्रोडेक्ट, बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, कार्यकारी लाउंज, व्यावसायिक बैठकों के लिए नामांकित स्थान, भू-निर्माण आदि जैसी योजनाएं भी शामिल हैं। इनकी डिजाइन किसी मॉल या एयरपोर्ट की तरह होगी। डिजाइन में लोकल कल्चर, विरासत और वास्तुकला का ध्यान रखा जाएगा। यानी रेलवे स्टेशनों की डिजाइन शहर की सांस्कृतिक थीम पर होगी। रेलवे स्टेशनों को रि-डवलप करने के पीछे सरकार का उद्देश्य शहरों को विकास के पथ पर आगे ले जाना है। इससे रेलवे स्टेशनों ही नहीं, बल्कि पूरे शहर को विकास की एक दिशा मिलने की उम्मीद जताई गई है।

### यह कहते हैं अधिकारी

स्टेशन के पुनर्विकास कार्य को देख रहे डब्ल्यूआई गौरेलाल शाह ने बताया कि पहले डिजाइन फाइनल करने में देरी हुई। जब काम शुरू हुआ तो खुदाई में कभी रेलवे बिजली व अन्य लाइन कटने से रूकावट आई तो कभी तकनीकी कारणों से देरी हुई। फिलहाल काम चल रहा है और ग्राउंड लगभग तैयार कर लिया गया है। प्रवेश द्वार के पिल्लरों के ऊपर लोहे का डिजाइनदार जाल रखा जाना है, उसमें अभी और समय लगेगा, लेकिन जब भी यह कार्य पूरा हो जाएगा, नारनौल स्टेशन की सूरत बदल जाएगी, जिसका फायदा यहां की जनता को जरूर मिलेगा।

**होटल में आठ घंटे की दरिंदगी** | **किसी को बताने पर परिजनों को मारने की धमकी**

# नाबालिग छात्रा को पिज्जा खिलाने का झांसा देकर होटल में किया दुष्कर्म, आरोपी की तलाश में पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी

शहर की एक स्कूल की नाबालिग छात्रा को एक नामजद बाइक सवार युवक ने पिज्जा खिलाने का झांसा देकर होटल में दुष्कर्म किया है। करीब आठ घंटे दरिंदगी करके पीड़ति को घर के सामने छोड़ गए, जाते हुए उन्होंने किसी को घटना की जानकारी देने पर परिजनों को मारने की धमकी दी है। महिला पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराने के बाद आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आरोपित की तलाश में छापेमारी अभियान चलाया गया है।

### पीड़िता के बयानों पर केस दर्ज, जल्द होगी गिरफ्तारी

*पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि नाबालिग छात्रा के साथ के साथ एक गांव के युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। मेडिकल कराने के बाद आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। पीड़ति के अदालत में 164 के बयान कलमबंद करवाकर आरोपित को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि आरोपित को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।*



पुलिस को दिए बयान में छात्रा सुबह करीब आठ बजे दूध लेने के लिए मम्मी पड़ोस में गई थी। इस दौरान मैं मम्मी के इंतजार में घर से बाहर बैठी थी, इसी दौरान एक बाइक सवार युवक जो कि छात्रा का परिचित बताया गया है वह पहुंच गया।

वह छात्रा को विभिन्न झांसे देकर बाइक पर बैठाकर होटल में ले गया। जहां आरोपित ने कमरा बुक कराया हुआ था, जिसमें दुष्कर्म किया गया है। शाम को तीन बजे बाइक सवार युवक ने पीड़िता को उसके घर के सामने छोड़ दिया तथा जाने से पहले मुंह बंद रखने को कहा, अन्यथा परिजनों को जान से मारने की धमकी दी।

पीड़िता ने घटना की पूरी जानकारी अपनी मम्मी को बताई तथा नामजद आरोपित बाइक सवार युवक का पूरा वृतांत सुनाया। इसके बाद परिजनों ने थाने में पहुंचकर आरोपित के खिलाफ शिकायर्त दर्ज करवा दी है। केस दर्ज करने के बाद महिला पुलिस ने पीड़िता के बयान कोर्ट में कलमबंद कराए हैं।

# अब वर्ष 2019 से पहले बने वोटर कार्ड से बनवा सकते है बुढ़ापा पेंशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

परिवार पहचान पत्र के बाद प्रदेश में बुढ़ापा पेंशन ऑटो मोड से बनने लग गई है। पेंशन बनवाने के लिए कोई फॉर्म भरने की जरुरत नहीं है, बल्कि आपके पास पूरी उम्र होते ही पेंशन ऑफिस से दस्तावेज वेरीफाई करवाने के लिए कॉल आएगा। इसके बाद आप कार्यालय जाकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाकर दस्तावेज पेश कर सकते है। बुढ़ापा पेंशन बनवाने के लिए नागरिक की उम्र साठ वर्ष होनी जरूरी है। इसके लिए आधार कार्ड के साथ साथ वोटर कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, स्कूल सर्टिफिकेट में से एक दस्तावेज होना जरूरी है। परिवार पहचान पत्र में उम्र का सत्यापन होना जरूरी है, जो आधार कार्ड, वोटर कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, स्कूल सर्टिफिकेट के द्वारा किया जाता है। इसके साथ ही परिवार पहचान पत्र में आधार कार्ड से लिंक बैंक अकाउंट नंबर दर्ज होना आवश्यक है। विभाग की ओर से 2017 से पहले के बने हुए वोटर कार्ड को ही मान्य किया जाता था, लेकिन अब विभाग ने नागरिकों को राहत देते हुए वर्ष 2019 तक बने हुए वोटर कार्ड को मान्य किया है। इससे अनेक नागरिकों को बुढ़ापा पेंशन का लाभ मिलेगा। जानकारी के अनुसार बुढ़ापा पेंशन के योग्य नागरिक को अपने परिवार पहचान पत्र में वोटर कार्ड नंबर, बैंक अकाउंट नंबर, मोबाइल नंबर के साथ ही जन्म तिथि का उचित दस्तावेज दर्ज होने चाहिए।

### वोटर कार्ड के लिए बुढ़ापा पेंशन में दो वर्ष की छूट

*फैमली आईडी के ब्लॉक कोर्डिनेटर रतन सिंह ने बताया कि वोटर कार्ड के लिए दो वर्ष के लिए छूट दी गई है। पहले वर्ष 2017 तक बने हुए वोटर कार्ड ही पेंशन के लिए मान्य होते थे, लेकिन अब वर्ष 2019 तक बने हुए वोटर कार्ड को मान्य किया गया है।*

# कुछ म्यूचुअल फंड ने दिया 48% से ज्यादा रिटर्न

## निवेशकों को कर रहे मालामाल, आप भी कर सकते हैं निवेश, कोई भी निवेश करने से पहले खुद की रिस्क क्षमता जांच लें लक्ष्य तय कर लंबी अवधि के लिए निवेश का प्लान बनाएं, धैर्य और संयम के साथ निवेश करें, अच्छा मुनाफा मिलेगा

अगर आप भी निवेश करने जा रहे हैं जो एक बार बाजार के बारे में रिसर्च कर लें। इसके बाद निवेश के लिए उतरेंगे तो अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। अपने लक्ष्य तय कर धैर्य और संयम के साथ निवेश करें और मजबूती के साथ बाजार में उतरें। इससे आपको नुकसान नहीं होगा और जल्द अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकेंगे। बाजार में पैसे लगाने वाले ज्यादातर इनवेस्टर्स की दिलचस्पी सबसे बढ़िया प्रदर्शन कर रहे शेयरों में रहती है, लेकिन कुछ म्यूचुअल फंड्स ऐसे हैं, जिनमें ऐसे स्टॉक्स पर फोकस करके निवेश किया जाता है, जिनका प्रदर्शन फिलहाल खराब चल रहा हो। अपने इस उल्टे मिजाज की वजह से ही इन्हें कॉन्ट्रा म्यूचुअल फंड का नाम दिया गया है। कॉन्ट्रा फंड्स के मैनेजर्स को ऐसे ही स्टॉक्स की तलाश रहती है, जो फंडामेंटल्स के लिहाज से स्ट्रॉन्ग होते हुए भी कमजोर प्रदर्शन कर रहे हों। इसके पीछे सोच यह रहती है कि फिलहाल कमजोर दिख रहे ऐसे स्टॉक्स में पिछले रुझान को पलटकर शानदार रिटर्न देने की क्षमता छिपी रहती है। पिछले 1 साल में कॉन्ट्रा फंड्स की थीम वाले सभी म्यूचुअल फंड्स ने 48 फीसदी या उससे ज्यादा रिटर्न देकर इस बात को सच साबित किया है। ऐसे में इन फंडों में निवेश बढ़िया रिटर्न दिला सकता है और आपको जल्द अमीर बना सकता है।

**निवेश मंत्रा**
**बिजनेस डेस्क**

### कॉन्ट्रा फंड्स का शानदार प्रदर्शन

भारत में कॉन्ट्रा फंड्स की सोच को फॉलो करने वाली म्यूचुअल फंड स्कीम्स की संख्या ज्यादा नहीं है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स ऑफ इंडिया (एएमएफआई) के मुताबिक देश में फिलहाल ऐसी कुल तीन स्कीम चल रही हैं।

### ये हैं तीन स्कीमें

1. एसबीआई कॉन्ट्रा फंड
2. इनवेस्को इंडिया कॉन्ट्रा फंड
3. कोटक इंडिया कॉन्ट्रा फंड

*(इन तीनों ही स्कीम ने पिछले 1 साल में रिटर्न के मामले में जबरदस्त प्रदर्शन किया है। ये तीनों स्कीमों ने 48 फीसदी से अधिक रिटर्न देकर निवेशकों को चौंका दिया है।)*

### ऐसा रहा प्रदर्शन

#### एसबीआई कॉन्ट्रा फंड

- 1 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 48.40%
- 3 साल का औसत वार्षिक रिटर्न (डायरेक्ट) : 30.51%



- 5 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 30.42%
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 35,304.23 करोड़

#### इनवेस्को इंडिया कॉन्ट्रा फंड

- 1 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 49.79%
- 3 साल का औसत वार्षिक रिटर्न (डायरेक्ट) : 23.55%
- 5 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 23.72%
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 16,502.57 करोड़ रुपये

#### कोटक इंडिया ईक्यू कॉन्ट्रा फंड

- 1 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 54.80%
- 3 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 26.80%
- 5 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 25.05%
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 3,582.99 करोड़ रुपये

### कॉन्ट्रा फंड के मुनाफे पर टैक्स

कॉन्ट्रा फंड का 65 परसेंट से ज्यादा निवेश इक्विटी में होता है। इसलिए इन्हें इक्विटी म्यूचुअल फंड की कैटेगरी में रखा गया है। जाहिर है इन पर इनकम टैक्स के वही नियम लागू होते हैं, जो इक्विटी फंड के लिए बनाए गए हैं। यानी कॉन्ट्रा फंड की यूनिट्स को 1 साल से कम समय में बेचने पर मुनाफा हुआ तो उस पर 15 फीसदी शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन्स (एसटीसीजी) टैक्स देना पड़ेगा, लेकिन 1 साल या उससे ज्यादा होल्ड करने के बाद बेचने पर 1 लाख रुपये तक का सालाना मुनाफा टैक्स फ्री है। उससे ज्यादा मुनाफा होने पर 10 फीसदी लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स (एलटीसीजी) टैक्स लगेगा। यानी कॉन्ट्रा फंड में निवेश करना टैक्स के लिहाज से भी अच्छा है। इसलिए इन फंडों में निवेश कर आप भी अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। अपने पोर्टफोलियों की भी समय समय पर समीक्षा करते रहना जरूरी है, ताकि आप आसानी से अपने पैसे को सुरक्षित रख सकें और अच्छा रिटर्न हासिल कर सकें।

### निवेश से पहले रिस्क भी समझ लें

देश के कॉन्ट्रा फंड्स का पिछला रिटर्न तो काफी अच्छा रहा है, लेकिन इसे भविष्य में वैसे ही परफॉर्मेंस की गारंटी नहीं माना जा सकता। इसके अलावा इक्विटी फंड होने की वजह से कॉन्ट्रा फंड्स ज्यादा जोखिम वाले निवेश की कैटेगरी में आते हैं। लिहाजा अपनी रिस्क प्रोफाइल को ध्यान में रखें और निवेश का फैसला करने से पहले अपने इनवेस्टमेंट एडवाइजर की सलाह जरूर लें। वैसे भी निवेश करने से पहले खुद के लक्ष्य और रिस्क क्षमता को देखते हुए ही निवेश की तरफ कदम बढ़ाने होंगे।

# क्रिप्टो में निवेश कर रहे हैं तो जान लें कर का नियम

**जानकारी**
**बिजनेस डेस्क**

यदि आप भी क्रिप्टोकरेंसी में निवेश कर रहे हैं तो आपको इस समय टैक्स का नियम भी जान लेना चाहिए, वरना 31 जुलाई बीत जानें के बाद आप मुश्किल में फंस सकते हैं। केंद्र सरकार ने फरवरी 2022 में फैसला किया था कि क्रिप्टोकरेंसी से होने वाली आय पर 30 फीसदी कर लगाया जाएगा और सभी तरह के क्रिप्टो सौदों पर 1 फीसदी टीडीएस कटेगा। इसके बाद भी लोग क्रिप्टोकरेंसी में ट्रेडिंग करते रहे। अगर आप भी ऐसे लोगों में शामिल हैं तो आयकर रिटर्न दाखिल करने की तारीख 31 जुलाई से पहले ही समझ लें कि क्रिप्टो पर कर कैसे लगाया जाता है ताकि आगे आपको दिक्कत न हो।

### क्या है क्रिप्टोकरेंसी

क्रिप्टोकरेंसी डिजिटल या आभासी करेंसी है, जो सुरक्षा के लिए क्रिप्टोग्राफी का इस्तेमाल करती है। इसकी डोर किसी एक सरकार या केंद्रीय संस्था के हाथ में नहीं है। उसके बजाय यह ब्लॉकचेन तकनीक पर चलती है, जो असल में एक डिजिटल रजिस्टर की तरह होता है। इसमें कई कंप्यूटरों का नेटवर्क होता है और सभी सौदे उन पर दर्ज होते रहते हैं।

<u>निवेशक साल में क्रिप्टो संपत्तियां बेचता है टैक्स देना होगा</u>
<u>क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करना सबसे रिस्की श्रेणी में माना गया</u>
<u>क्रिप्टोकरेंसी से होने वाली आय पर 30 फीसदी कर लगेगा</u>
<u>सभी तरह के क्रिप्टो सौदों पर 1 फीसदी टीडीएस भी कटेगा</u>



### मुनाफे पर 30 फीसदी कर

सबसे पहले तो क्रिप्टोकरेंसी से होने वाले मुनाफे पर सीधा 30 फीसदी कर काटा जाता है। आयकर अधिनियम की धारा 115बीबीएच कहती है कि क्रिप्टोकरेंसी समेत सभी वर्चुअल डिजिटल संपत्तियों के किसी भी प्रकार के लेनदेन से होने वाली आय पर 30 फीसदी कर काटा ही जाएगा। उसके अलावा उस पर अधिभार और उपकर भी लगेंगे।

### ऐसे समझें

मान लीजिए कि आपने बिटकॉइन की ट्रेडिंग से 1 लाख रुपये कमाए हैं तो आपको इस पर बतौर कर 30,000 रुपये देने होंगे। उसके ऊपर 1,200 रुपये उपकर भी काटा जाएगा। इस तरह 1 लाख रुपये की कमाई पर आप 31,200 रुपये कर देंगे।

### घाटे की भरपाई नहीं

वर्चुअल डिजिटल संपत्ति से होने वाले घाटे के बदले आप किसी अन्य वर्चुअल डिजिटल संपत्ति पर हुए मुनाफे या किसी अन्य प्रकार की आय पर कर छूट नहीं मांग सकते। करयोग्य आय में से केवल ऐसी संपत्तियों को खरीदने पर हुआ खर्च ही घटाया जा सकता है।

### क्रिप्टो सौदों पर 1 फीसदी टीडीएस

1 जुलाई 2022 से एक सीमा से अधिक वर्चुअल डिजिटल संपत्तियों के लेनदेन पर 1 फीसदी टीडीएस काटा जा रहा है। यूजर्स की ओर से टीडीएस काटने की जिम्मेदारी क्रिप्टो एक्सचेंज की है। मगर यदि दो यूजर्स आपस में लेनदेन करते हैं तो खरीदने वाले को टीडीएस काटकर जमा करना होगा। मान लीजिए कि आपने 60,000 रुपये के एथेरियम बेचे तो खरीदार 600 रुपये टीडीएस काटने के बाद आपको 59,400 रुपये दे देगा।

### क्रिप्टो माइनिंग पर कर

क्रिप्टोकरेंसी माइनिंग में यानी उन्हें तैयार करने में बहुत ताकतवर कंप्यूटर या खास हार्डवेयर का इस्तेमाल होता है, जो लेनदेन का सत्यापन करता है और उसे ब्लॉकचेन नेटवर्क पर चढ़ा देता है। इस नेवटर्क में माइनर या नोड गणित की पेचीदा गुत्थियों को सुलझाने में एक दूसरे का मुकाबला करते हैं। जो माइनर सबसे पहले उसे सुलझा लेता है, उसे बतौर इनाम क्रिप्टोकरेंसी मिलती है। इस तरह माइनिंग से होने वाली आय पर 30 फीसदी कर लगता है। कर का हिसाब लगाते समय माइनर की क्रिप्टोकरेंसी की खरीद कीमत शून्य मान ली जाती है।

### कमर्शल और निजी निवेशक निवेशक

निवेशक चाहे निजी हो या कमर्शल, उसके लिए कर के नियम और दरें एक ही होंगी। मान लीजिए कि कोई फर्म क्रिप्टोकरेंसी की ट्रेडिंग से 5 लाख रुपये कमाती है तो उसे 1.50 लाख रुपये कर और 6,000 रुपये उपकर यानी कुल 1.56 लाख रुपये देने होंगे। जानकारों का कहना है कि 'क्रिप्टोकरेंसी पर कर लगने से उनके लेनदेन और सौदों में नियमों का अनुपालन और जवाबदेही पक्की हो जाती है। अल्पावधि और दीर्घावधि मुनाफे पर एक जैसा कर कटने के कारण क्रिप्टोकरेंसी की आय भी दूसरी तरह की आय के बराबर हो गई है। इन कर प्रावधानों का मकसद क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ी गतिविधियों को कायदे में लाना, पारदर्शिता बढ़ाना तथा सभी प्रकार के निवेशकों तथा लेनदेन पर न्यायोचित कर लगाना है।'

# रिटर्न के मामले में निफ्टी को पछाड़ आगे निकला सोना

**लगातार कुलाचें मार रहे सोने में इस साल तेजी का माहौल**

## एक जनवरी से अब तक गोल्ड ने निफ्टी-50 को पीछे छोड़ा | ग्लोबल मार्केट में गोल्ड में करीब तेरह प्रतिशत की तेजी दिखाई दी

निवेश के लिहाज से सेफ हेवन समझे जाने वाले गोल्ड का रिटर्न अगर ज्यादा रिस्की कहे जाने वाले इक्विटी इनवेस्टमेंट से बेहतर हो जाए, तो भला निवेशकों के लिए इससे अच्छा और क्या हो सकता है। 2024 के साल में अब तक कुछ ऐसा ही रुझान देखने को मिला है, जिसकी वजह से राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड में निवेशकों की दिलचस्पी काफी बढ़ गई है। दरअसल, सोने की कीमतों में मौजूदा कैलेंडर इयर के दौरान इतनी मजबूती आई है कि रिटर्न के मामले में इसने शेयर मार्केट के प्रमुख इंडेक्स निफ्टी 50 को भी पीछे छोड़ दिया है।

### निफ्टी 50 के मुकाबले बेहतर रिटर्न

1 जनवरी 2014 से 30 जून 2024 के बीच निफ्टी 50 में करीब 10.4 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली, जबकि इसी इंडेक्स का साल की शुरुआत से अब तक (वाईटीडी) का रिटर्न करीब 11.9 फीसदी रहा है। सोने का पिछले 6 महीनों का रिटर्न करीब 18 फीसदी और साल की शुरुआत से अब तक (वाईटीडी) का रिटर्न 14.78 फीसदी रहा है। ग्लोबल मार्केट में भी इस दौरान गोल्ड में करीब 13 फीसदी की तेजी देखने मिली।

**रिकॉर्ड**
**बिजनेस डेस्क**

### गोल्ड ईटीएफ में बढ़ा निवेश

सोने में इस तेजी के बीच दुनिया भर में गोल्ड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स (गोल्ड ईटीएफ) में निवेश का रुझान भी काफी बढ़ा है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक जून में लगातार दूसरे महीने गोल्ड ईटीएफ (गोल्ड ईटीएफ) में पॉजिटिव इनफ्लो देखने को मिला है। जून में यह इनफ्लो करीब 1.4 अरब डॉलर का रहा है। कैलेंडर इयर की पहली छमाही के दौरान एशियन गोल्ड ईटीएफ में कुल मिलाकर करीब 3 अरब डॉलर का रिकॉर्ड निवेश देखने को मिला।

### सोने में क्यों आ रही तेजी

गोल्ड में यह तेजी ऐसे दौर में देखने को मिल रही है, जबकि दुनिया के अधिकांश देशों की ग्रोथ रेट में कमजोरी का माहौल है। ऐसा लगता है कि जोखिम से बचने वाले निवेशक सोने की तरफ बड़े पैमाने पर आकर्षित हुए हैं। इस तेजी में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जियो-पोलिटिकल टेंशन के बीच तमाम देशों के सेंट्रल बैंकों द्वारा बड़े पैमाने पर गोल्ड की खरीदारी का भी बड़ा हाथ रहा है।



### सुरक्षित निवेश

सोने को शेयर बाजार की तुलना में हमेशा ही ज्यादा सुरक्षित निवेश माना जाता है। ऐसे में इतना ऊंचा रिटर्न वाकई निवेशकों के लिए काफी बड़ी खुशखबरी है। लगातार ऊंची ब्याज दरों के बावजूद सोने की इस तेजी से पता चलता है कि सेफ हेवन इनवेस्टमेंट के तौर पर सोने की स्थिति कितनी मजबूत है।

### आगे भी रहेगा तेजी का रुझान?

सोने की कीमतें फिलहाल घरेलू और ग्लोबल, दोनों बाजारों में रिकॉर्ड हाई के करीब चल रही हैं। ऐसे में सवाल यह है कि क्या तेजी का रुझान आगे भी बने रहने के आसार हैं? या फिर इसमें बदलाव देखने को मिलेगा? गोल्ड को मजबूती देने वाले कारणों पर विचार करें तो लगता है कि जियो-पोलिटिकल टेंशन की वजह से बढ़ी सेफ हेवन इनवेस्टमेंट वाली डिमांड अभी बनी रहेगी। ऐसा इसलिए, क्योंकि अमेरिका और चीन के बीच आपसी तनाव बने रहने के आसार हैं। इजरायल का फिलिस्तीन पर हमला हो या यूक्रेन और रूस की जंग, उनके भी बहुत जल्द थमने के संकेत नहीं हैं। इसके अलावा अगर अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कटौती करता है, तो इससे सोने की मांग को एक और बूस्ट मिल सकता है।

### सोने की कीमतों को प्रभावित करने वाले फैक्टर

दरअसल, सोना एक ऐसा एसेट है, जिसमें निवेश करने पर ब्याज नहीं मिलता। लिहाजा, जब ब्याज दरें घटती हैं, तो सोने में निवेश तुलनात्मक रूप से और आकर्षक हो जाता है। हालांकि अब तक यह बात पूरी तरह साफ नहीं है कि यूएस फेड वाकई ब्याज दरों में कटौती करेगा या नहीं और करेगा तो कब, लेकिन उसके इस दिशा में कदम उठाने की उम्मीद बढ़ती लग रही है। फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की अगली बैठक 31 जुलाई को होनी है। पिछले हफ्ते अमेरिका के मैक्रो इकनॉमिक डेटा में खराब आर्थिक प्रदर्शन के संकेत मिलने से इन उम्मीदों को ताकत मिली है कि सितंबर तक ब्याज दरों में राहत मिल सकती है।

**पॉलिसी** पहले प्लानिंग करें और फिर निवेश की सोचें, सोची-समझी रणनीति हमारे जीवन के लक्ष्यों को सुरक्षित करने में मददगार

**जैसे फुटबॉल में जीत के लिए मजबूत डिफेंस जरूरी है, वैसे ही परिवार के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सही फाइनेंशियल प्लानिंग जरूरी है**

# बनाएं रणनीति, लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी भी बन सकती गेमचेंजर, पूरे कर सकती है आपके फाइनेंशियल गोल

**समझदारी**
**बिजनेस डेस्क**

अगर आप भी निवेश हैं या करने जा रहे हैं तो जान लें कि निवेश भी फुअबॉल के मैच की तरह ही होता है। फुटबॉल प्रेमी होने के नाते, मुझे यह खेल बेहद रोमांचक लगता है, लेकिन इसमें धैर्य, दृढ़ता और समय की ज़रूरत होती है। दरअसल यह खेल कभी भी कोई भी मोड़ ले सकता है और यही इसके आकर्षण को और बढ़ा देता है। जीवन, एक फुटबॉल मैच की तरह, स्वाभाविक रूप से अप्रत्याशित घटनाओं की श्रृंखला का नाम है। रोजमर्रा के जीवन में और फाइनेंशियल प्लानिंग के मामले में पर्याप्त बचाव की जरूरत होती है। उचित रणनीति और सोची-समझी चालें, हमारे जीवन के लक्ष्यों को सुरक्षित करने में बहुत मदद कर सकती हैं।

### बेहद अहम है लाइफ इंश्योरेंस

बेयर ब्रायंट का यह कथन बेहद मशहूर है कि आक्रामकता से टिकट बिकता है, डिफेंस से चैंपियनशिप जीती जाती है। निवेश विकल्प के सही मिक्स के साथ बेहतर फाइनेंशियल प्लान वह डिफेंस तैयार करता है, जिसकी आपको अपने वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने के लिए आवश्यकता होती है। बढ़ती वित्तीय साक्षरता, आय के बढ़ते स्तर और अधिक जागरूकता के साथ-साथ अधिक टेक्नोलॉजी अपनाने और नीतिगत सुधारों के साथ, भारत में अधिक से अधिक परिवार लॉन्ग टर्म फाइनेंशियल प्लान की आवश्यकता समझ रहे हैं। लोग सुरक्षा के लिए कई लाभ देने वाली लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी के महत्व को समझने लगे हैं। दरअसल, लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी समग्र घरेलू वित्तीय बचत मिक्स में टॉप तीन पसंदीदा निवेश विकल्पों में से एक है। वित्त वर्ष 2019 से वित्त वर्ष 2023 तक इसमें 11% के सीएजीआर से बढ़ोतरी दर्ज हुई है, जिसका कुल वित्तीय बचत में 18% का योगदान है।



### क्या बीमा कवर पर्याप्त है

अगर हम इसे बीमा की पैठ के नजरिए से देखें तो स्थिति वास्तव में आशावादी दिखती है, क्योंकि हमारे देश में लगभग 70 फीसदी परिवार किसी न किसी तरह की लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी से सुरक्षित हैं। मुझे यह वृद्धि कुल मिलाकर सकारात्मक संकेत नज़र आती है, हालांकि, चिंताजनक पहलू या मुख्य प्रश्न यह है कि क्या कवर (सुरक्षा) पर्याप्त है? सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के बावजूद, विश्व बैंक के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में जीडीपी के परसेंटेज के तौर पर कुल बीमित रकम मुश्किल से 70% है, जबकि अमेरिका में यह 251%, थाईलैंड में 143% और मलेशिया में 153% है। यह बीमा कवरेज की मात्रा में अहम अंतर को दर्शाता है। जब कोई इंश्योरेंस पॉलिसी खरीदी जाती है, तो लोग हमेशा इस बात को ध्यान में नहीं रखते कि वास्तव में जरूरत पड़ने पर पर्याप्त जीवन कवर की आवश्यकता होगी।

### टर्म प्लान में पर्याप्त कवरेज जरूरी

पर्याप्त लाइफ इंश्योरेंस के बिना, परिवारों को प्रमुख वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अन्य एसेट्स को बेचने या अन्य निवेशों को भुनाने के लिए मज़बूर होना पड़ सकता है, जिससे उनके जीवन के लक्ष्य प्रभावित हो सकते हैं और भारतीय इस जरूरत को तेज़ी से पहचान रहे हैं। अपर्याप्त कवरेज के कारण अक्सर परिवारों को अपर्याप्त वित्तीय सहायता मिलती है, जिससे उनकी ज़रूरतों का केवल एक हिस्सा ही पूरा होता है, जिससे टर्म प्लान का उद्देश्य अप्रभावी हो जाता है। मौजूदा आय, बचत, देनदारियों और पारिवारिक स्थिति का व्यापक मूल्यांकन लाइफ इंश्योरेंस के उपयुक्त स्तर को तय करने में मदद कर सकता है, जिसे वित्तीय और जीवन लक्ष्य प्लान का हिस्सा होना चाहिए। सामान्य नियम यह है कि किसी शख्स की सालाना आय का 10 गुना लाइफ इंश्योरेंस सुरक्षित किया जाना चाहिए। इससे पॉलिसीहोल्डर के परिवार को दुर्भाग्य से उसके मृत्यु की स्थिति में वित्तीय सहायता ठीक तरह से मिलेगी।

### कहां मिलेगा ज्यादा रिटर्न

हाल के दिनों में हमने देखा है कि हमारी रेगुलेटरी बॉडी इरडा ने '2047 तक सभी के लिए बीमा' उपलब्ध कराने की दिशा में कई तरह के सुधार किए हैं। इनमें व्यवसाय और रेगुलेटरी माहौल को बेहतर के साथ-साथ जोखिम आधारित पूंजी व्यवस्था, आईएफआरएस और जोखिम आधारित ऑब्जर्वेशन स्ट्रक्चर को लागू करना शामिल है। यह सब इसलिए किया गया है कि अगले कुछ सालों में भारत में बीमा पैठ बढ़े। दिलचस्प बात यह है कि इरडा लगातार अपने डिजिटल इकोसिस्टम का विस्तार कर रहा है, अनुकूल कारोबारी माहौल बना रहा है और रेगुलेटरी माहौल को बेहतर बना रहा है और यह सब इस क्षेत्र के विकास को सुनिश्चित करने और देश के अधिक से अधिक लोगों के लिए बीमा सुलभ बनाने के लिए किया जा रहा है।

### लक्ष्यों को ट्रैक पर रखें

इंडस्ट्री और रेगुलेटरी मिलकर नए, सरल और नवोन्मेषी प्लान, वितरण चैनलों में सुधार और नए जमाने की टेक्नोलॉजी को अपनाकर तेज और अधिक पारदर्शी प्रक्रियाओं के जरिये कई उपाय कर रहे हैं। इसका मकसद है लाइफ इंश्योरेंस की पहुंच बढ़ाना और पर्याप्त कवरेज के बारे में जानकारी बढ़ाना। यह सभी के लिए अपने वित्तीय पोर्टफोलियो की समीक्षा करने और पर्याप्त जीवन कवर के महत्व को समझने के लिए अनुकूल माहौल और अवसर प्रस्तुत करता है। जिस तरह फुटबॉल में एक मजबूत डिफेंस योजना खेल-जीतने वाला सीजन सुनिश्चित करती है, उसी तरह आपके वित्तीय पोर्टफोलियो में उचित रक्षा योजना आपके परिवार को अपने जीवन के लक्ष्यों को ट्रैक पर रखने में मदद करती है।

## खबर संक्षेप



नारनौल। बेटियों को ड्रेस वितरित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

### स्कूल में छात्राओं को ड्रेस वितरित की

**नारनौल।** श्रीकृष्ण सेवा समिति के तत्वावधान में सोमवार को पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जरूरतमंद बेटियों को स्कूल ड्रेस वितरित की गई। कार्यक्रम संयोजक तुलसीदास पिपलानी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी ओमप्रकाश बत्रा थे। अध्यक्षता विशाल गोयल ने की। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि मुनीश भार्गव व स्कूल प्राचार्या शीला कुमारी थी। इस मौके पर जतिन कुमार, रमेश सोनी, चेतन गर्ग, शीला कुमारी, अंजना, कमलेश, टीना कुमारी आदि मौजूद थे।



नारनौल। बैठक में भाग लेते शिक्षक अभिभावक। फोटो : हरिभूमि

### शिक्षक-अभिभावक की बैठक का आयोजन

**नारनौल।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन थनवास में शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। विद्यालय की डायरेक्टर सुनिता यादव व प्रधानाचार्य रमेश यादव ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर बैठक की शुरूआत की। विद्यालय डायरेक्टर सुनीता यादव ने सभी अभिभावकों का स्वागत किया तथा कहा कि हमारा शिक्षक बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हर प्रकार से तैयार है और आप सभी के सुझावों पर जरूर अमल करेंगे। प्रधानाचार्य रमेश यादव ने कहा कि यदुवंशी थनवास में वर्ष चार से पांच बार शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन होता है।

## नारनौंद थाना के एक गांव में 50 वर्षीय दरिंदें ने किया था रेप करने का प्रयास

# ढाई वर्षीय बच्ची को निर्वस्त्र कर रेप का प्रयास करने के मामले में संगठनों में रोष

- सिलसिलेवार घटनाओं की कड़ी में एक और अबोध बच्ची से दुष्कर्म के प्रयास के आरोपित को गिरफ्तार करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नारनौंद क्षेत्र के गांव में ढाई साल की बच्ची के साथ 50 वर्षीय व्यक्ति की ओर से रेप का प्रयास करने के मामले में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद आरोपित को गिरफ्तार ना करने पर सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति के तत्वावधान में विभिन्न संगठनों ने समिति के प्रधान चन्दन सिंह जालवान की अध्यक्षता में रोष प्रदर्शन बैठक संघर्ष समिति कार्यालय में की। जिसमें इस कुकृत्य की रोष प्रकट करते हुए घोर भर्त्सना की गई और इस मामले में कड़ा संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री, गृहमंत्री व पुलिस के उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर मांग की गई कि दुष्कर्म का प्रयास करने के आरोपित को अविलंब गिरफ्तार किया जाए।

मामले की जानकारी देते हुए समिति के महासचिव बिरदी चंद गोठवाल ने बताया कि नारनौंद थाना के अंतर्गत एक गांव में 50 वर्षीय दरिंदें ने ढाई साल की बच्ची को सुनसान जगह ले जाकर निर्वस्त्र कर रेप करने की कोशिश की, लेकिन बच्ची की ओर से जोर जोर से चिल्लाने पर उसकी आवाज सुनकर बच्ची की दादी मौके पर पहुंची और बच्ची को आरोपित के चंगुल से छुड़वाया। इस मामले में 10 जुलाई को पोक्सो व भारतीय न्याय संहिता की संगीन धाराओं के तहत मुकदमा थाना नारनौंद में दर्ज कर लिया गया, लेकिन खेद का विषय है कि पुलिस की लापरवाही व ढील के चलते अपराधी को आज तक गिरफतार नहीं किया गया है।

उन्होंने बताया कि इस संगीन मामले में रोषस्वरूप भारी संख्या में विभिन्न संगठनों के लोग नेशनल अलायंस फॅार दलित हयूमन राइट्स के संयोजक एडवोकेट रजत कल्सन के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक हांसी से 14 जुलाई को मिलकर ज्ञापन भी दे चुके हैं।

वहीं समिति के प्रधान चन्दन सिंह जालवान, अखिल भारतीय आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष लालाराम नाहर, राष्ट्रीय कुम्हार महासभा के संगठन सचिव किशनलाल लुहानीवाल, सैनी सभा के प्रधान बिशनकुमार सैनी, संघर्ष समिति के प्यारेलाल चवन व धानक समाज के प्रधान व पूर्व डीजीएम महेंद्र खन्ना आदि ने इस कुकृत्य की कड़ी भर्त्सना करते हुए कहा कि ऐसे हालात में पुलिस की लापरवाही व ढील के चलते अपराधियों के हौसले बुलंद होते है और इस परिस्थिति में पुलिस विभाग की कार्यशैली भी संदेह के घेरे में आती है।

हरियाणा का वंचित समाज इस जघन्य हत्याकाण्ड की घोर भर्त्सना करता है और चेतावनी भी देता है कि यदि आरोपित को गिरफतार नहीं किया गया तो पीड़ित परिवार के साथ साथ हरियाणा का वंचित समाज हांसी हिसार के विभिन्न संगठनों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर पूरजोर संघर्ष करेगा।



नारनौल। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते विभिन्न संगठन सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

*इस मौके पर संघर्ष समिति के प्रमुख सलाहकार एवं धानक समाज के शिवनारायण मोरवाल, प्रमुख समाजसेवी सूबेसिंह गोठवाल, डा. अम्बेडकर युवा समिति के महासचिव मैनपाल, भारतीय सामाजिक परिवर्तन संघ के सुमेर सिंह गोठवाल, अमरनाथ सिरोहा, रामभरोस भीम, रामचंद्र सैनी, हरिराम सिरोहा, विक्रम सिंह मांडैया, प्रवीण प्रजापति, राजेन्द्र प्रसाद आदि उपस्थित रहे।*



महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटा : हरिभूमि

## यदुवंशी में खेलकूद के अन्तर्गत हुई मनोरंजनात्मक प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

यदुवंशी शिक्षा निकेतन में बालवर्ग कक्षा दूसरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए मनोरंजनात्मक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बास्केट बॉल से 10 मनोरंजनात्मक खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया।

विद्यार्थियों में जय, यश, भविष्य, नक्ष, हनी, तनिष, हियांश, विवेक, मयंक, हर्षित, मनवीर एवं जयेश ने टॉप-12 विद्यार्थियों में अपना स्थान सुनिश्चित किया। यदुवंशी ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव ने कहा कि सभी प्रकार के खेलों से खिलाड़ियों में सहिष्णुता, धैर्य और साहस जैसे गुणों का विकास होता है तथा सामूहिक सद्भाव और भाईचारे की भावना बढ़ती है। फाउंडर डायरेक्टर डॉ. राजेंद्र सिंह, वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव एवं चेयरपर्सन संगीता यादव ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी तथा कहा कि खेल मानव के शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहायक होते हैं।

उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। इसलिए बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्यवर्धन के लिए विद्यालय में समय-समय पर खेलकूद प्रतियोगिताएं होती रहती है। यदुवंशी ग्रुप चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि विद्यार्थी जीवन के लिए संतुलित आहार, शुद्ध हवा तथा खेल अति महत्वपूर्ण हैं। इस अवसर पर प्राचार्य पवन यादव, हैड अरविंद्र यादव, नरेंद्र यादव, सुंदर सुहाग, नवीन स्वामी, निशा यादव आदि उपस्थित रहे।

## रामचंद्र स्कूल में हुई पोस्टर बनाओ स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

रामचंद्र पब्लिक स्कूल कनीना में अंतरसदनीय पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने काफी उत्साह दिखाते हुए प्रतियोगिता को रोचक बनाया। इस प्रतियोगिता में आलिया (कनीना) चंद्रशेखर सदन प्रथम, हेजल (कनीना) सुभाषचंद्र सदन से द्वितीय व तमन्ना सुभाषचंद्र सदन से तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए कार्यक्रम में चार चांद लगाए। छात्रों ने अपने-अपने स्तर से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

आरआरसीएम ग्रुप अध्यक्ष रोशनलाल यादव द्वारा पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिता हमारे स्कूल में समय-समय पर आयोजित की जाती हैं, जोकि बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ उनके मानसिक विकास में सहायक हैं। प्राचार्य राजेश कुमार ने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



महेंद्रगढ़। बनाए हुए पोस्टर दिखाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## एचपीएस स्कूल में निकाली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

आषाढ शुक्ल दशमी के अवसर पर मंगलवार को नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व बहन सुभद्रा की रथ यात्रा का आयोजन किया गया। उडीसा के पुरी में वर्षों से निकाली जा रही रथयात्रा का शहर में आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम पंडित धनपत शास्त्री ने पूर्ण विधि विधान पूर्वक विद्यालय की एमडी निधि वर्मा, डायरेक्टर पुष्करमल वर्मा, डीन मनोज भारद्वाज, प्राचार्य सुनील यादव, समस्त अध्यापकगण व विद्यार्थियों से पूजा अर्चना करवाते हुए भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व बहन सुभद्रा की स्थापना करवाई।

एमडी निधि वर्मा व प्राइमरी हेड सोनल चौबे ने विद्यार्थियों को बताया कि ऐसा माना जाता है कि भगवान विष्णु के अवतार भगवान कृष्ण की भूलोक यात्रा संपूर्ण होने पर देह त्यागते वक्त उनका हृदय भगवान जगन्नाथ जी की मूर्ति में ही स्थापित हो गया था और आज ही के दिन बहन सुभद्रा के कहने पर भगवान जगन्नाथ व बड़े भाई बलभद्र अपनी बहन सुभद्रा को लेकर अपनी मौसी के घर गुंडीचा पहुंचे थे। उन्ही की याद में वर्षों से हर वर्ष पुरी में यह यात्रा निकाली जाती है। उन्होने सभी विद्यार्थियों को इसी प्रकार अपने भाई बहिन व परिवार के साथ प्रेमभाव से रहने का संदेश दिया। विद्यालय के डीन मनोज भारद्वाज व प्राचार्य सुनील यादव ने कहा कि आज के समय में शिक्षा के साथ साथ विद्यार्थियों को हमारी संस्कृति व संस्कार का ज्ञान होना भी अत्यंत आवश्यक है। अंत में भगवान की आरती के बाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया।



नारनौल। भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकालता विद्यालय प्रबंधन। फोटो : हरिभूमि

## भाजपा सरकार ने प्रदेश के युवाओं के साथ किया अन्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

विधानसभा क्षेत्र से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व सरपंच एसोसिएशन के प्रधान तथा टिकट के प्रबल दावेदार सरपंच अतेंद्र यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने प्रदेश के युवाओं के साथ घोर अन्याय किया है ओर पक्की भर्तियों में बाहर के युवाओं को शामिल कर लिया। अतेंद्र घर घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान के तहत गांव खत्रीपुर, जाट गुवाना में ग्रामीणों से रूबरू हो रहे थे। दोनों गांवों में अतेंद्र यादव का जोरदार स्वागत किया गया।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से आज प्रदेश की जनता परेशान है तथा कांग्रेस के शासन को याद करने लगी है।

उन्होंने कहा है कि देश व प्रदेश में भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है तथा जुमलों की सरकार बनकर रह गई। अतेंद्र यादव ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी दर निरंतर बढ़ रही है, महंगाई पर कोई लगाम नहीं है, कोई भर्ती सफल नहीं हो रही है, किसान व व्यापारी परेशान है।

ये सरकार किसी भी मोर्चे पर सफल नहीं है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए जुमलों की ये सरकार प्रदेश की जनता को लॉलीपॉप दे रही है, लेकिन प्रदेश की जनता काफी समझदार है और भाजपा के झांसे मे नहीं आने वाली है। अतेंद्र यादव ने कहा कि कांग्रेस की नीति लोगों के भलाई करने में रही है। कांग्रेस की नीतियों से हर वर्ग के लोग सदा खुश रहे है।



नारनौल। जनसंपर्क अभियान के दौरान सरपंच अतेंद्र यादव। फोटो : हरिभूमि

## प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर, भाजपा के नेता ही लगा रहे आरोपः राव सुखबिन्द्र सिंह

**नारनौल।** भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार तेजी से बढ़ा है और लोगों के जायज काम भी नहीं हो रहे, जिससे लोग परेशान हैं। अब तो भाजपा के नेता भी ऑन कैमरा यह बात स्वीकार रहे हैं कि इतना भ्रष्टाचार पहले कभी नहीं था। उक्त आरोप कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व अधीक्षण अभियंता राव सुखबिन्द्र सिंह ने अपने जनसंपर्क अभियान के तहत गांव मंडलाना, महरमपुर, जाखनी, डोहर कलां, बापडोली, चिंडालिया व मोहनपुर में लोगों को संबोधित करते हुए लगाए। उन्होंने कहा कि सरकार का अधिकारियों पर कोई नियंत्रण नहीं है, प्रदेश में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है और नागरिकों की कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही। उन्होंने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता भी अब इस बात को स्वीकार करने लगे हैं कि प्रदेश में अभूतपूर्व भ्रष्टाचार है। पिछले सप्ताह आदित्य चौटाला ने पुलिस पर ऑनकैमरा भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे और दो दिन से पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे स्वीकार रहे हैं कि इतना भ्रष्टाचार पहले कभी नहीं हुआ और अधिकारी कर्मचारी जितने बेलगाम पिछले चार पांच साल में हुए हैं, उतने कभी नहीं हुए। हर काम का रेट तय है। राव सुखबिन्द्र सिंह ने आरोप लगाया कि बिना खर्ची, बिना पर्ची का दावा करने वाली सरकार में सब कुछ खर्ची और पर्ची से ही हो रहा है।



महेंद्रगढ़। विचार-विमर्श करते अभिभावक। फोटो : हरिभूमि

## श्रीकृष्णा स्कूल सिहमा में अध्यापक-अभिभावक मिलन समारोह आयोजित

**महेंद्रगढ़।** श्रीकृष्णा स्कूल सिहमा में अध्यापक-अभिभावक मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता प्राचार्य सुमेर सिंह ने की। कोर्डिनेटर सुशीला यादव ने बताया कि अध्यापक-अभिभावक मिलन समारोह सुबह नौ से दोपहर दो बजे तक आयोजित किया गया। मिलन समारोह में अभिभावक को विद्यार्थियों की शिक्षा संबंधी एवं प्रत्येक माह में हुए यूनिट टेस्ट के परीक्षा परिणामों से अवगत करवाया गया। पीटीएम के माध्यम से अभिभावकों से फीडबैक लिया गया।

## कार्यकर्ताओं को महासम्मलेन में जाने के लिए कर्णदेव कंबोज ने दिखाई हरी झंडी

**मंडी अटेली।** जांट पाली महेंद्रगढ़ में गृहमंत्री अमित शाह के बीसी वर्ग महासम्मेलन के लिए भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व मंत्री कर्णदेव कम्बोज ने अटेली अनाज मंडी पहुंचकर भाजपा कार्यालय से भाजपा नेता व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओबीसी मोर्चा के कुलदीप यादव के नेतृत्व में जाने वाले 251 गाड़ियों के काफिले को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कर्णदेव कम्बोज ने कहा कि अटेली सहित पूरे प्रदेश का कार्यकर्ता तीसरी बार हरियाणा में भाजपा सरकार बनाने को तैयार है। कई हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



मंडी अटेली। कार्यकर्ताओं को हरी झंडी दिखाते कर्णदेव कम्बोज। फोटो : हरिभूमि

## बीआर ज्ञानदीप विद्यालय में विज्ञान सेमिनार आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

सुरजनवास स्थित बीआर ज्ञानदीप विद्यालय में विज्ञान सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस सेमिनार का मुख्य आकर्षण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सस्टेनेबल डेवलपमेंट, वूमेन एम्पावरमेंट और संसाधनों के प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषय रहे। सेमिनार के दौरान छात्रों ने अपने प्रोजेक्ट्स और प्रस्तुतियों के माध्यम से इन विषयों पर गहन अध्ययन और अनुसंधान के परिणाम प्रस्तुत किए। विशेषकर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर दिए गए प्रेजेंटेशन ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया, जिसमें छात्रों ने इस उभरती हुई तकनीक के विभिन्न पहलुओं और इसके भविष्य के प्रभावों पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य रामवीर यादव ने बच्चों की मेहनत और उनके विचारों की सराहना की और कहा कि ऐसे सेमिनार न केवल बच्चों के ज्ञान को बढ़ाते हैं बल्कि उन्हें सामाजिक और वैश्विक मुद्दों के प्रति जागरूक भी बनाते हैं। संस्थापक राम सिंह यादव ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मौके पर भौतिक विज्ञान प्रवक्ता विनय कुमार, सुदर्शन, विनय शर्मा, अविका यादव, टीजीटी हेड सुजान, प्राइमरी हेड सीमा शर्मा आदि उपस्थित रहा।



महेंद्रगढ़। सेमिनार में उपस्थित विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### हरियाणा प्राइमरी टीचर एसोसिएशन का हुआ चुनाव

# कृष्ण कुमार नंगली पुनः बने जिला अध्यक्ष

- सुरेश यादव बने जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डा. जसवंत यादव महासचिव व संजय योगी जिला कोषाध्यक्ष चुने गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा प्राइमरी टीचर एसोसिएशन 2197 की जिला कार्यकारिणी का चुनाव खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के प्रांगण में हुआ। जिसमें प्रदेश सचिव सुबेसिंह बतौर चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहे। सर्वप्रथम पूर्व जिला अध्यक्ष के रूप में कृष्ण कुमार नंगली ने पिछले तीन वर्ष की आय व व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया और पिछली कार्यकारिणी ने त्यागपत्र सौंपा। इसके बाद नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू की गई।

इस प्रक्रिया में जिला महेंद्रगढ़ के सभी खंडों के मौजूद प्रधानों एवं सभी खंडों के कार्यकारिणी सदस्यों ने गहनता से आपसी वार्तालाप कर सभी ने सर्वसम्मति से पुनः कृष्ण कुमार नंगली को जिला प्रधान पद के लिए चुनकर एकता व भाईचारे की मिसाल पेश की। इसके अलावा डा. जसवंत यादव को महासचिव, संजय योगी को कोषाध्यक्ष चुना गया। सुरेश यादव को जिला वरिष्ठ उपप्रधान, सोमदत्त को जिला संरक्षक, देवदत्त को जिला संयोजक, श्योकरण चंदेला, हंसराज व नितिन वर्मा को जिला सलाहकार, अभय यादव को सचिव, बंसीलाल को संगठन सचिव, योगेश शर्मा व श्यामसुंदर को सह सचिव तथा राजेंद्र यादव, योगेंद्र यादव, रवि दत्त व प्रवीण को जिला उपप्रधान चुना गया। प्रदेश सचिव सुबेसिंह के नेतृत्व में सर्वसम्मति से जिला प्रधान को जिला संगठन के अन्य मुख्य पदों पर कार्यकारिणी विस्तार के पूर्ण अधिकार दिए गए। पुनः निर्वाचित जिला प्रधान कृष्ण नंगली ने पर्यवेक्षक टीम, सभी उपस्थित सम्मानित शिक्षकों तथा पदाधिकारीगण का धन्यवाद करते हुए कहा कि वे पहले से भी अधिक उत्साह और लगन के साथ छात्र, स्कूल व शिक्षक हित में कार्य करने के लिए तत्पर रहेंगे। संगठन के सभी सदस्य उनका परिवार है और इस परिवार के सारे सदस्य ही उनकी पहचान है। पूरे जिले के शिक्षकों ने उनके प्रति इतना प्यार, स्नेह और विश्वास जताया है, इसके लिए सदा वे उनके आभारी रहेंगे, जो जिम्मेदारी सभी ने एकजुट होकर पूरे विश्वास के साथ दी है, उसे बखुबी निभाया जाएगा।



नारनौल। एसोसिएशन की नविनयुक्त कार्यकारिणी व सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर विवेक सिंह बावल, राजकुमार श्योराण, सत्यनारायण सेका, बाबूलाल पूर्व खंड प्रधान, खंड नांगल चौधरी प्रधान विजय दलाल, उपप्रधान कृष्ण चंदेला, सचिव वेदप्रकाश स्वामी, खंड नारनौल उपप्रधान अगेंद्र यादव, प्रेस सचिव भूपेंद्र यादव, नारनौल सचिव देवेंद्र सिंह, खंड अटेली प्रधान मनोज सोलंकी, खंड सचिव वेदप्रकाश स्वामी, ऑडिटर सुरेंद्र यादव, प्रेस सचिव महिपाल कालोरिया, खंड अटेली सचिव संदीप, कोषाध्यक्ष लक्खीचंद, ऑडिटर भरत सिंह, उपप्रधान पवन कुमार, रुपेश, सुरेंद्र नसीबपुर आदि शिक्षक मौजूद थे।

## बसपा ने सुरेंद्र कुमार को नारनौल विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया

**मंडी अटेली।** बहुजन समाज पार्टी ने सुरेंद्र कुमार सिहमा को नारनौल विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया है। इस मौके पर नवनियुक्त विधानसभा प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने कहा कि बसपा पार्टी हर मजदूर, किसान एवं गरीबों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। हरियाणा में अभी होने वाले विधानसभा चुनाव में इनेलो बसपा गठबंधन पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगा। विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए नारनौल विधानसभा से बूथ लेवल पर कमेटी बनाकर कार्य किया जाएगा। इसके साथ-साथ विधानसभा के गांव में जाकर बसपा चुनाव प्रचार किया जाएगा। नारनौल से बसपा प्रभारी बनाए जाने पर जिला अध्यक्ष प्रमोद कटारिया व प्रदेश की टीम का धन्यवाद किया।



### जन्मदिन पर लगाई त्रिवेणी

**नारनौल।** एक पौधा मां के नाम अभियान के अंतर्गत राजेश पूनिया ने अपने बेटे पार्थ पूनिया के जन्मदिन पर पुलिस फायरिंग रेंज रघुनाथपुरा में त्रिवेणी लगाकर पौधरोपण किया।

**सूचना**

मैं, देवी दत्त पुत्र श्री हरफूल सिंह निवासी नेहरू नगर, गडवा, तह. नांगल चौधरी, जिला महेन्द्रगढ़ (हरियाणा) बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सुमित कुमार व मेरी पुत्रवधु बबीता कुमारी मेरे कहने-सुनने से बाहर थे। जिनको मैंने दिनांक 08-04-2024 को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया था। लेकिन अब मेरा पुत्र सुमित कुमार व मेरी पुत्रवधु बबीता कुमारी मेरे कहने-सुनने में हैं और अब मैं अपने पुत्र और पुत्रवधु को अपने परिवार में वापस मिलाता हूं।

## खबर संक्षेप

### एसडी स्कूल ककराला में एनसीसी कैडेट का चयन

**कनीना।** एसडी विद्यालय ककराला में एनसीसी कैडट्स नई भर्ती कर्नल अक्षय माथुर की अध्यक्षता में सूबेदार मेजर ओमप्रकाश, सूबेदार जसवीर, हवलदार बिक्रम व हवलदार रामफल 16 हरियाणा एनसीसी बटालियन की ओर से की गई। जिसमें 80 लड़के व 25 लड़कियों ने भाग लिया। जिसमें से 53 लड़के व 15 लड़कियां परीक्षा में बैठे। भर्ती प्रक्रिया के तहत छात्र एवं छात्राओं का चयन शारीरिक दक्षता परीक्षण व लिखित परीक्षा के आधार पर किया गया। विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने बताया कि एनसीसी कैडट्स का कार्य बहुत ही सराहनीय रहा है।

### चितलांग में युवा मित्र ने किया पौधरोपण

**महेंद्रगढ़।** अटल भूजल योजना और युवा मित्र द्वारा गांव चितलांग में पौधारोपण किया गया। ट्रेनर कर्मवीर व कर्मपाल यादव ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम के तहत चितलांग के स्कूल में स्टाफ, आंगनबाड़ी वर्कर के साथ पौधरोपण किया गया। हर व्यक्ति को मानसून के समय एक पेड़ अवश्य लगाएं और इसके साथ-साथ पेड़ को पालने में अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। हमें खाली पड़ी अपनी भूमि पर अधिक से अधिक पौधे लगाकर वातावरण को बनाए रखने में अपना सहयोग करना चाहिए। पर्यावरण को प्रदूषण से रोकना है तो पेड़-पौधे लगाना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर पेड़-पौधे हमें फल और छाया देते हैं।

# घरों में सप्लाई हो रहा है गंदा पानी, लोग पड़ रहे बीमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

शहर में इन दिनों लोगों के घरों में पीने का गंदा पानी सप्लाई हो रहा है। ऐसे में लोगों की प्यास बुझाने वाला जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग की ओर से जलघरों में बनाए गए करोड़ों के फिल्टर प्लांट का पानी साफ करने में नाकाम साबित हो रहा है। नहरों से घरों में जलघरों से आ रहा मटमैला के रंग जैसा है। लोगों का कहना है कि पानी गंदा आ रहा है, जो उनकी सेहत को नुकसान पहुंचा सकता हैं। ऐसे में मजबूरी में लोगों को गंदा व मटमैला पानी पीने को मजबूर हैं।

बता दें कि जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग की ओर शहर में लोगों को पीने के पानी उपलब्ध करवाने के लिए गांव देवास में चार बड़े टैंक बनवाए हुए है। इसके अतिरिक्त नहरों से आने वाले गंदे पानी को साफ करने के लिए करोड़ों रुपये की लागत से मशीन लगाई गई है। फिर भी लोगों के घरों में इन दिनों मटमैला पानी सप्लाई हो रहा है। दरअसल पूरे महेंद्रगढ़ शहर को देवास स्थित मुख्य जलघर से पानी की आपूर्ति होती है। यहां पानी के चार बड़े टैंक हैं, जिनमें नहर से आने वाले पानी को भरा जाता है। इसके बाद पानी को शोधित किया जाता है। शोधित किए पानी को शहर के अलग-अलग हिस्सों में बने सात बूस्टर में भेजा जाता है। यहां से अलग-अलग कॉलोनियों में पानी सप्लाई होता है। इन सात बूस्टर स्टेशन से शहर की करीब 40 हजार की आबादी को पानी दिया जाता है, लेकिन गांव देवास में बनाए गए जलघर में से फिल्टर प्लांट होने के बाद भी घरों में आने वाले मटमैला पानी को साफ नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में लोगों को मटमैला पानी पीने को मजबूर है। लोगों ने संबंधित विभाग से साफ व स्वच्छ पानी सप्लाई करने की मांग की है। शहर में इन दिनों मोहल्ला महायचान, मोहल्ला खटीकान, वाल्मीकि, धानकान, बांस, देवीलाल कॉलोनी, सतनाली रोड सहित अनेक हिस्सों में गंदा पानी सप्लाई हो रहा हैं।


महेंद्रगढ़। बाल्टी में भरा गंदा पानी। फोटो : हरिभूमि

### साफ व स्वच्छ पानी सप्लाई करने की मांग

शहर निवासी अशोक, विक्रम, नरेश, पवन, सुरेश, बालकिशन, रामबिलास, रमेश, निर्मला, अजय, सुरेंद्र, सनीता, सुरेश, संदीप, विक्रम, अजय आदि ने बताया कि सप्लाई का पानी मटमैला आ रहा है। पानी में से बदबू आ रही है। यह घरेलू कार्य योग्य नहीं है। बीमार होने का भी डर बना रहता है। इसके अलावा स्वच्छ पानी न आने की वजह से घर के कार्य भी प्रभावित हो रहे है। मटमैला पानी आने से पीने के लिए 15 रुपये का कैंपर मोल लेकर खरीदने को मजबूर हैं। जिससे आर्थिक बोझ भी पड़ रहा है। लोगों ने संबंधित विभाग से साफ व स्वच्छ पानी सप्लाई करने की मांग की है।


सतनाली मंडी। उपतहसील में डीआईटीएस कर्मचारियों की मांग के समर्थन में ज्ञापन सौंपते क्षेत्रवासी। फोटो : हरिभूमि

## डीआईटीएस कर्मचारियों की मांग के समर्थन में सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**सतनाली मंडी।** डीआईटीएस (जिला सूचना प्रौद्योगिकी सोसायटी) के तहत कार्यरत कर्मचारियों की मांगों के समर्थन में मंगलवार को राजपूत सभा महेंद्रगढ़ के पूर्व प्रधान सवाई सिंह राठौड़ के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम उपतहसील में ज्ञापन सौंपा। सवाई सिंह राठौड़ ने बताया कि डीआईटीएस के तहत कार्यरत कर्मचारियों की मांगों के समर्थन में उपतहसील में सौंपे ज्ञापन में इन कर्मचारियों को पक्का करने व पक्के कर्मचारियों को मिलने वाली ग्रेजुएटी, एक्स ग्रेशिया स्कीम, एडवांस पेमेंट, आफ्टर रिटायरमेंट बेनिफिट, बाईलाज में संसोधन व बाईलाज का लाभ देने आदि की मांग को पूरा करने की मांग की। इस मौके पर सुखवीर, रमेश, रविंद्र, धीरज, अरुण, रमन आदि अनेक लोग उपस्थित रहे।


निजामपुर। एनसीसी न्यू एनरोलमेंट की शारीरिक परीक्षा देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## केएल मैमोरियल स्कूल के 125 विद्यार्थियों ने किया न्यू एनरोलमेंट का फिजिकल टेस्ट उत्तीर्ण

**निजामपुर।** केएल मैमोरियल स्कूल इस्लामपुरा में एनसीसी कैडेटों की भर्ती के लिए न्यू एनरोलमेंट का फिजिकल टेस्ट कर्नल अक्षय माथुर की देखरेख में हुआ। जिसमें सफल रहे आवेदकों को लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। इस दौरान विद्यार्थियों को एनएसएस कैडेटों को मिलने वाली सुविधाओं से अवगत कराया गया। एनएसएस कैडेट की भर्ती 16 हरियाणा बटालियन एनसीसी नारनौल की ओर से की जाएगी। भर्ती में शामिल होने के लिए आठवीं व नौवीं कक्षा में पंजीकरण जरूरी है तथा आवेदक की आयु 30 अप्रेल 2005 से 31 मई 2011 के बीच होनी चाहिए। दस्तावेजों की जांच के बाद 125 आवेदकों ने दौड़, लंबी कूद, पुशअप व पांच मीटर का सेटल किया। जिन्हें लिखित परीक्षा को क्वालिफाई करना अनिवार्य है। संस्था के चेयरमैन सुभाष गुर्जर, प्राचार्य राजबीर सिंह ने विद्यार्थियों को एनसीसी की उपयोगिता से अवगत कराया। भर्ती प्रक्रिया में सुबेदार मेजर ओमप्रकाश, हवलदार प्रमोद कुमार, हवलदार विजय सिंह, हवलदार रामफल शामिल रहे।

## 45 गांवों में 3 करोड़ खर्च करके 450 टंकियों का करवाया निर्माण

# करोड़ों की लागत से घर-घर नलकूप लगवाए, अब भी ग्रामीण प्यासे

- 70 लीटर प्रति व्यक्ति औसत से पानी सप्लाई की योजना फाइलों में सिमटी वाटर टैंकर और निजी बोरवेलों से पानी खरीदकर पीने को मजबूर लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

डॉर्कजोन में शामिल नांगल चौधरी ब्लॉक के गांवों में 70 लीटर प्रति व्यक्ति की औसत से पेयजल सप्लाई की योजना बनी थी। जिसके अनुसार गांवों में करीब तीन करोड़ की लागत से 450 टंकियों का निर्माण भी हुआ था, जिनमें पानी नहीं पहुंचा। इसके बाद सरकार ने हर रसोई नल योजना क्रियाविंत कर दी। करोड़ों खर्च करके घरों में नलकूप लगाए गए किंतु विभाग करीब 20 फीसदी नलों में ही पेयजल सप्लाई कर पाया है। ऐसे में लोगों को वाटर टैंकर व निजी बोरवेलों ने पानी खरीदकर प्यास बुझानी पड़ रही है।

आपको बता दें कि नांगल चौधरी ब्लॉक के ग्रामीणों की सुविधा के लिए विभाग ने विभिन्न गांवों में 350 से अधिक बोरवेल लगवाए थे। भूजल स्रोत सूखने के कारण 180 बोरवेल बंद हो चुके, जो बोरवेल चालू हैं उनसे ग्रामीणों की पेयजल आपूर्ति नहीं हो पाती। संकट बढ़ने पर विभाग ने गांवों में सार्वजनिक टंकियों के निर्माण की योजना बनाई थी। तर्क दिया गया कि सार्वजनिक टंकियों का निर्माण होने से पानी की बर्बादी पर अंकुश लगेगा।

ब्लॉक के लगभग 45 गांवों में 480 टंकियों के निर्माण पर विभाग ने करीब तीन करोड़ खर्च किए हैं लेकिन पांच से सात महीने के बाद बोरवेलों के जलस्त्रोत सूख गए और 50 फीसदी टंकिया खाली रहने लगी। इसके बाद सरकार ने 70 लीटर प्रति व्यक्ति की औसत से ग्रामीणों को पेयजल सप्लाई करने का प्रपोजल तैयार किया। हर रसोई नल योजना क्रियाविंत करके गांवों में पाइप दबाने तथा नल लगाने के टैंडर छोड़े गए। गांव वाइज करोड़ों की लागत से पाइप बिछाकर घरों में नलकूप लगाए गए हैं लेकिन 50 फीसदी नलकूपों में तीन दिन छोड़कर एक घंटे पानी सप्लाई होता है। अब 49 डिग्री तापमान में पानी की दोगुना डिमांड बढ़ गई है। आपूर्ति नहीं होने पर लोगों को वाटर टैंकर या निजी बोरवेलों से पानी खरीदकर प्यास बुझानी पड़ रही है।

### कृष्णावती नदी का बहाव 30 साल से बंद, सूख रहे हैं जलस्रोत

*शहबाजपुर, दताल, नांगल कालिया व नोलाजा के ग्रामीणों ने बताया कि बीते 30 साल से पर्याप्त बारिश नहीं हो रही है। जिस कारण कृष्णावती नदी का बहाव बंद होने से भूजलस्रोत तेजी से सूख रहे हैं। गांवों में पेयजल संकट उत्पन्न होने पर सरकार ने ब्लॉक को डार्कजोन घोषित कर दिया। जहां फसलों की सिंचाई व पेयजल व्यवस्था नहरी पानी पर निर्भर है लेकिन 60 फीसदी गांव नहरों से अटेच नहीं नही, ऐसे में ग्रामीणों की खेती और पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है।*

### सीएम विंडो की शिकायत भी नहीं दिला पाई पानी

पेयजल संकट से परेशान दौंखेरा के ग्रामीणों ने सीएम विंडो पर शिकायत दर्ज करवाकर पानी मुहैया कराने की गुहार लगाई थी लेकिन विभाग के कनिष्ठ अभियंता अभिषेक तंवर ग्रामीणों की कॉल रिसीव तक नहीं करते, कार्यालय में मिलते है तो उल्टा फटकार लगाते हैं। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने जिला उपायुक्त से लापरवाह जेई के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### पहाड़ों की तलहटी पर बसे गांवों के हालात खराब

*विभागीय जानकारी के अनुसार पहाड़ों की तलहटी पर बसे नांगल दुर्गू, दौंखेरा, भेडंटी, गोलवा, मूसनोता, पाचनौता, बायल समेत 20 गांवों में गंभीर पेयजल संकट बना हुआ है क्योंकि कैनाल बेस्ड नहरी पानी की सप्लाई डिमांड से 50 फीसदी तक कम मिलती है। जिस कारण ग्रामीणों को राशनिंग प्रणाली से पेयजल मुहैया कराया जाता है। जबकी पहाड़ों पर तपन अधिक होने के कारण करीब तीन गुणा डिमांड बढ़ गई। जिस कारण ग्रामीणों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।*

## एसबी कॉलेज में बेचलर आफ मेडिकल लैबोरेट्री कोर्स की हुई शुरुआत



**महेंद्रगढ़।** देवास स्थित एसबी कॉलेज में अब बेचलर आफ मेडिकल लैबोरेट्री (बीवोक) कोर्स की शुरुआत हो गई हैं। इस कोर्स से 12वीं साइंस पास छात्रों को विभिन्न रोजगार अवसरों की प्राप्ति में मदद करेगा। सूरजभान कॉलेज एवं बीएमएलटी कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. राजेंद्र सिंह ने कहा कि इस कोर्स का मुख्य उद्देश्य है सरकारी और गैर सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में लैब टैक्नीशियन के रूप में रोजगार प्रदान करना हैं। बीवोक कोर्स में शामिल होने वाले छात्र अस्पताल, डायग्नोस्टिक सेंटर, पब्लिक हेल्थ, ऑर्गेनाईजेशन और क्लीनिक में विभिन्न परीक्षणों के लिए तैयार कर सकते हैं। इसके अलावा ये छात्र अपने अनुभव के आधार पर अपने करियर में उन्नति कर सकते हैं और माइक्रो बायोलॉजी में एमएससी तक पहुंच सकते हैं। इस कोर्स को विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी पलवल हरियाणा से प्राप्त किया जा सकता है, जो नई शिक्षा नीति के अनुसार विशेष महत्व दिया जा रहा हैं।

# विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में आरपीएस कॉलेज के छात्रों का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा गत दिवस एमएससी बॉटनी चौथे सेमेस्टर व बीएससी ऑनर्स कैमिस्ट्री द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया। परीक्षा परिणाम में आरपीएस कॉलेज बलाना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नैना शर्मा पुत्री पुरुषोतम 9.5 एसजीपीए लेकर प्रथम, मीना पुत्री मुकेश 9.38 एसजीपीए लेकर द्वितीय, स्नेहा पुत्री बलराज 9.38 एसजीपीए लेकर तृतीय, पूजा यादव पुत्री दलीप सिंह 9.25 एसजीपीए लेकर चतुर्थ, कुमारी रीतु पुत्री सुनिल कुमार 9.13 एसजीपीए लेकर सातवें, पुनम पुत्री बीर सिंह 9 एसजीपीए लेकर नौवें, रिषु पुत्री नरेन्द्र सिंह 9 एसजीपीए लेकर दसवें स्थान पर रही। इसी तरह बीएससी ऑनर्स कैमिस्ट्री द्वितीय समेस्टर में ज्योति कुमारी पुत्री राजीव 91 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, प्रिया यादव पुत्री बालकृष्ण 90.18 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय, रशमी पुत्री रमेश सिंह 89.6 प्रतिशत अंक लेकर पांचवें, महक यादव पुत्री मदन लाल 88.4 प्रतिशत अंक लेकर छठे, पूजा पुत्री उमेद सिंह 83.64 प्रतिशत अंक लेकर दसवें स्थान प्राप्त किया। कॉलेज डीन डॉ. यशपाल शर्मा ने बताया कि शिक्षकों के मार्गदर्शन व विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत व अभिभावकों की सर्वश्रेष्ठ सोच के प्रतिफल परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। इस परिक्षा परिणाम में कुछ विषयों का परिणाम सत प्रतिशत रहा एवं अधिकत्तम विषयों का परिणाम 90 प्रतिशत से भी ऊपर रहा। यह सब अध्यापकों तथा बच्चों की कड़ी मेहनत का नतीजा है। इसी के साथ-साथ उन्होंने अभिभावकों व विद्यार्थियों को श्रेष्ठत्तम परीक्षा परिणाम की बधाई दी तथा सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आरपीएस कॉलेज चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने बताया कि कठिन व सार्थक परिश्रम से किया गया कार्य कभी भी विफल नहीं जाता। किसी भी देश प्रदेश को शिखर पर ले जाने के लिए शक्षैणिक ढ़ांचा सुदृढ़ करना अनिवार्य होता है। उसी के परिणाम स्वरूप आरपीएस कॉलेज अपनी कड़ी मेहनत के फलस्वरूप क्षेत्र व देश प्रदेश की प्रतिभाओं को निखार कर नये भारत व राष्ट्र निर्माण में सदा लग्नशील रहेगा। रजिस्ट्रार डॉ. देवेंद्र यादव एवं प्रिंसिपल डॉ. देवेन्द्र कादयान ने बताया कि श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम में अनुशासन के साथ-साथ सही समय पर विद्यार्थियों को दिए जाने वाले मार्गदर्शन व फैसले का प्रतिफल है। इस मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ. डीआर भारद्वाज, डॉ. जितेन्द्र जिंदल, प्रो. योगिता, विकास यादव, शिव जांगड़ा, अनामिका यादव, डॉ. विकास सांगवान, डॉ. शंकर शर्मा आदि उपस्थित रहे।


महेंद्रगढ़। विजय चिह्न बनाकर खुशी जाहिर करती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

# उच्चतर शिक्षा विभाग के सचिव ने किया पीजी कॉलेज का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

उच्चतर शिक्षा विभाग के सचिव एवं आयुक्त श्रीमान मोहम्मद शाइन ने मंगलवार को जिले के कुछ कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य कॉलेज की शैक्षणिक व प्रशासनिक स्थिति का मूल्यांकन करना था। इस दौरान मोहम्मद शाइन ने राजकीय पीजी कॉलेज के विभिन्न विभागों का दौरा किया और वहां की सुविधाओं, पाठ्यक्रमों और विद्यार्थियों के परिणामों की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान मोहम्मद शाइन ने कॉलेज के बुनियादी ढांचे, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं व खेल सुविधाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर मोहम्मद शाइन ने कॉलेज के प्रबंधन से चर्चा करते हुए शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, शोध गतिविधियों को बढ़ावा देने व औद्योगिक संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कॉलेज के शिक्षकों की योग्यता और उनकी पेशेवर विकास के अवसरों के महत्व को भी रेखांकित किया। निरीक्षण के अंत में मोहम्मद शाइन ने कॉलेज के समग्र प्रदर्शन की सराहना की, लेकिन कुछ सुधारों की आवश्यकता की ओर भी इशारा किया। उन्होंने कहा कि कॉलेज को आधुनिक तकनीकों और शिक्षण विधियों को अपनाना चाहिए, ताकि छात्रों को बेहतर शिक्षा मिल सके। इसके अलावा उन्होंने कॉलेज प्रशासन को सुझाव दिए कि वे अधिक शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन करें और छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में करियर विकल्पों के बारे में जागरूक करें।


नारनौल। पीजी कॉलेज का निरीक्षण करने पहुंचे मोहम्मद शाइन। फोटो : हरिभूमि

# जिला मुख्यालय की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन, आज से करेंगे गांवों में जनसंपर्क

- 10 से 15 अगस्त तक चलने वाले धरने का ग्रामीणों को दिया जाएगा निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

महेंद्रगढ़ में जिला मुख्यालय स्थापित करने की मांग को लेकर सरपंच देशराज फौजी व समाजसेवी बलवान फौजी के नेतृत्व में क्षेत्र के लोगों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान इन्होंने बताया कि जब तक जिला मुख्यालय की मांग पूरी नहीं हो तो जाती संघर्ष जारी रहेगा। महेंद्रगढ़ के लोग आजादी के बाद से अपने हक से वंचित हैं। लगातार क्षेत्र के लोगों की ओर से जिला मुख्यालय की मांग को लेकर करते आ रहे हैं लेकिन लोगों को सरकार की ओर से केवल झूठा आश्वासन दिया जा रहा हैं। इस बार क्षेत्र की आर-पार की लड़ाई लड़ने के मूड में हैं। जब तक उन्हें जिला मुख्यालय नहीं मिल जाता उनका संघर्ष जारी रहेगा।

उन्होंने बताया कि 17 जुलाई से महेंद्रगढ़ विधानसभा के प्रत्येक गांव में जनसंपर्क किया तथा ग्रामीणों को आंदोलन में भाग लेने के लिए जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अगर जिला मुख्यालय की मांग को लघु सचिवालय महेंद्रगढ़ के बाहर 10 से 15 अगस्त अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। जिसमें करीब 15 से 20 हजार लोग शामिल होंगे और यह लोग धरने से तब तक नहीं उठेंगे जब तक महेंद्रगढ़ में जिला मुख्यालय स्थापित हो जाए। उन्होंने कहा कि यह धरना दिन के साथ-साथ रात्रि को भी जारी रहेगा। धरनारत लोगों के लिए खाने-पीने की व्यवस्था जिन गांवों में लोगों को निमंत्रण दिया गया वहां से प्रत्येक घर से पांच रोटी, प्याज, छाछ एकत्रित की जाएंगी। अगर फिर भी सरकार ने उनकी मांग नहीं मानी तो पंचकूला में प्रदेश के हैड क्वाटर में धरना दिया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

### गोशाला में सवामणी आयोजित

**महेंद्रगढ़।** स्थानीय श्री गोशाला धोलपोश आश्रम में सवामणी आयोजित की गई। पहली सवामणी चरण सिंह पुत्र रामचंद्र रोहिल्ला भगडाना वाले ने अपने परिजनों के साथ परिवार की सुख शांति समृद्धि के लिए की। गोशाला धोलपोश प्रधान रविंद्र तिवाड़ी ने कहा कि गो-सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे हिंदू शास्त्रों के अनुसार गो-सेवा सबसे बड़ा धर्म है, जो व्यक्ति सच्चे मन से गो-सेवा करता है। सच्चे मन से की गई गो-सेवा कभी व्यर्थ नहीं जाती, जहां गोमाता सुख चैन की सांस लेती है।

### रोटरी सिलाई सेंटर पर महिलाओं को प्रमाण पत्र किए वितरित

**नारनौल।** रोटरी क्लब बेलाज की ओर से संचालित महिला सिलाई सेंटर पर सिलाई सीखने वाली महिलाओं को मंगलवार को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किए गए। सिलाई सेंटर पर प्रशिक्षण देने वाली प्रशिक्षिका कुसुमलता ने बताया कि सेंटर पर पिछले एक वर्ष से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं के लिए सिंगर सिलाई मशीन की ओर से जनवरी माह में परीक्षा आयोजित की गई थी। जिनकी परीक्षा के उपरांत मंगलवार को सिंगर सिलाई मशीन कंपनी की ओर से मैनेजर नीलम देवी ने सर्टिफिकेट जारी किए।

**आक्रोश** | उपायुक्त मोनिका गुप्ता के नाम ग्रामीणों ने कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

# मेडिकल कॉलेज का नाम महर्षि च्यवन ऋषि रखने पर ग्रामीण नाराज, नहीं ली गई सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

गांव कोरियावास में मेडिकल कॉलेज का निर्माण अंतिम चरण में है। इस गांव के ग्रामीणों के पास यह मैसेज पहुंचा कि मेडिकल कॉलेज का नाम महर्षि च्यवन ऋषि के नाम से कर दिया है। ग्रामीणों की नाराजगी यह है कि इस बाबत उनसे किसी ने भी रायशुमारी नहीं की। इससे ग्रामीणों में रोष है। इसी मांग को लेकर ग्रामीणों ने उपायुक्त के नाम शिकायत पत्र दिया है।

उपायुक्त के नाम दी शिकायत में ग्रामीण अभय सिंह, बाबूलाल, संजय, हनुमान, पूर्व सरपंच दलदीप धर्मेंद्र, कवरिसंह, याद सिंह व प्रवीण कुमार ने बताया है कि क्षेत्र में सरकार मेडिकल कॉलेज की घोषणा होते ही खुशी का माहौल था लेकिन जब मेडिकल कॉलेज के लिए जमीन की बात आई तो ग्राम पंचायत कोरियावास ने सबसे पहले आगे आते हुए 79 एकड़ जमीन सरकार को बिना शर्त दी और आज मेडिकल कॉलेज बिना किसी बाधा के बनकर तैयार है। उन्होंने बताया कि अब सुनने में आया है की मेडिकल कॉलेज का नामकरण महर्षि च्यवन ऋषि के नाम से हो चुका है। यह सही है या केवल अफवाह लेकिन ग्राम पंचायत से इस विषय में कोई सलाह नहीं ली गई। साथ लगते गांव कुलताजपुर में ढोसी पहाड़ पर रोप वे जैसी बड़ी परियोजना पर भी कार्य चल रहा है जिसका नामकरण भी महर्षि च्यवन ऋषि के नाम से हो सकता है। ग्रामीणों ने उपायुक्त के मार्फत केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी ने मांग की है कि मेडिकल कॉलेज का नाम अन्य किसी नाम से हो और नामकरण में ग्राम पंचायत की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। आपको बताते चले कि भाजपा सरकार ने हर जिला में एक मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की थी। इसके बाद जिला में ही चारों विधानसभा में यह राजनीति शुरू हो गई थी कि किसी विधानसभा में मेडिकल कॉलेज खोला जाए। काफी जिदद्दोजहद के बाद गांव कोरियावास में जमीन पर सहमति बनी। यह कोरियावास नारनौल शहर के नजदीक है और विधानसभा नांगल चौधरी में है।


नारनौल। मांग पत्र सौंपते कोरियावास के ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि